NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL, JEDDAH

Affiliated to CBSE – New Delhi, Affiliation No: 5730008

EVALUATION 3 March, 2022-23

WORKSHEET -2

GRADE: 4

SUBJECT:Hindi

प्र-1निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

कार्टूनों की अपनी दुनिया है, ठीक मनुष्यों की दुनिया की तरह लुभावनी। कार्टून ऐसा चित्र होता है, जिसे देखकर मन खुश हो जाता है। आजकल तो कार्टूनों के माध्यम से अनेक तरह के रोचक कार्यक्रम दिखाए जाने लगे हैं। कार्टून बच्चों को ही नहीं बड़ों को भी अच्छे लगते हैं। नीरस और उबाऊ विषय भी कार्टून के द्वारा सरस व रोचक बन जाते हैं। इसलिए बच्चे कार्टून की किताब मिलते ही उस पर झपट पड़ते हैं और जब तक वह खत्म न हो जाए, पढ़ना, खेलना, सोना यहां तक कि खाना भी भूल जाते हैं। जब ये कार्टून दूरदर्शन पर दिखाए जाते हैं तो इन जीते-जागते, हंसते-बोलते कार्टूनों में सब खो जाते हैं।

1. कार्टून क्या होते हैं ?

____-

2. कार्टून की दुनिया कैसी होती है ?

____-

3. कार्टून सबको इतने अच्छे क्यों लगते हैं?

____

4. वाक्य बनाएं –

सरस __________________________________-

हंसते-हंसते _____________________________________

5. कैसे पता चलता है कि बच्चे कार्टून पंसद करते हैं ?

____

प्र-2. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए ।

क) प्रशिद्ध ख) कुशल-मंगल ग) मिश्रण घ) विषैली ङ) वैद्य च) ओझा

प्र-3. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

क) ज़रूरी ख) अनोखी ग) हानिकारक घ) सत्य ङ) शुद्ध च) धर्म

प्र-4 नीचे दिए गए शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

क) सैलानी ख) पेड़ ग) विद्यार्थी घ) मित्र ङ) फूल

च) सूरज

प्र-5 नीचे दिए उपसर्ग लगाकर नए शब्द लिखिए-

क) कु + दिन = ख) उप + हार =

ग) अ+ छूत= घ) सु+ फल=

प्र- 6 वाक्यों में क्रियाओं को रेखार्कित कीजिए और उसके काल के नाम लिखिए –

क) वहाँ एक बहुत बड़ा झरना था।

ख) अंतिम दिन भी वहाँ बड़ा मज़ा आया।

ग) तुम्हारा पत्र मिला।

प्र-7 शब्दों से वाक्य बनाइए –

क) प्रिय ख) सुहावना ग) सैलानी घ) प्रसिद्ध

प्र-8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) नीम की गुठलियों से क्या लाभ होता है ?

ख) डॉक्टर , वैद्य , हकीमों की तरह काम करने का क्या मतलब है ?

ग) पटाखों से निकलने वाली रासायनिक गैसों और धुएँ से क्या नुकसान होता है ?

घ) बच्चे की कौन-सी बात सुनकर मिसेज़ अय्यर बहुत खुश हुई ?

ङ) दलाईलामा मंदिर कहाँ पर स्थित है और उसमे किसकी मूर्ति है ?

च) धर्मशाला कहाँ पर स्थित है?